**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 25.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपराज्यपाल प्रशस्ति पत्र के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
2. संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की ओर से कार निकोबार की शांता सिंट्रिक को प्रतिष्ठित 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' प्रदान किया गया है।
3. कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से माहव्यापी थियेटर कार्यशाला का आयोजन आज से शुरू।
4. प्रशासनिक कारणों के चलते एमवी नालंदा के स्थान पर अब एमवी कैंपबेल बे 29 जून को ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों और संगठनों से स्वतंत्रता दिवस, 2026 के अवसर पर उपराज्यपाल प्रशंसा पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कला, वाणिज्य, शिक्षा, खेलकूद व संस्कृति और समाज कल्याण आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 24 जुलाई शाम 5 बजे तक सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ गोपनीय सेल, सचिवालय के पास जमा या ईमेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। नामांकन संबंधित जिलों के PCCF, DGP, प्रधान सचिव, आयुक्त–सह–सचिव, सचिवों और उपायुक्तों द्वारा किया जाना चाहिए। अन्य विभागाध्यक्ष केवल अपने संबंधित प्रशासनिक सचिवों के माध्यम से ही सिफारिश कर सकते हैं। यदि किसी टीम को नामांकित किया जा रहा है, तो टीम के प्रत्येक सदस्य की भूमिका स्पष्ट रूप से परिभाषित होनी चाहिए और टीम में केवल अनुकरणीय कार्य दिखाने वाले व्यक्ति को ही प्रायोजित किया जाना चाहिए। इस पुरस्कार के लिए सरकारी अधिकारी और गैर–सरकारी व्यक्ति दोनों ही पात्र हैं।

<><><><><><><>

कार निकोबार के तपोइमिंग गांव की शांता सिंट्रिक प्रतिष्ठित 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' प्राप्त करने वाली निकोबारी जनजातीय समुदाय की पहली कलाकार और निकोबार जिले की पहली नागरिक बन गई हैं। यह पुरस्कार भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा

प्रदान किया जाता है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार संगीत नाटक अकादमी द्वारा संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक और जनजातीय कला, कठपुतली और अन्य प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट युवा कलाकारों को पहचान देने के लिए स्थापित सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों में से एक है। संगीत नाटक अकादमी द्वारा वर्ष 2025 के लिए लोक नृत्य की श्रेणी के तहत इस पुरस्कार की घोषणा की गई है, जो पारंपरिक निकोबारी लोक नृत्य के संरक्षण, प्रचार और प्रसार में शांता सिंट्रिक के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के वैज्ञानिक डॉ. लाल जी सिंह ने अंडमान द्वीपसमूह में जंगली बैंगन की एक नई प्रजाति की खोज की है। यह क्षेत्र इंडो–बर्मा हॉटस्पॉट के हिस्से के रूप में जाने जाने वाले जैव विविधता हॉटस्पॉट के अंतर्गत आता है। वनस्पतिशास्त्री डॉ. लाल जी सिंह द्वारा इसकी खोज मध्य अंडमान के वन में की गई। इस नई प्रजाति, 'सोलेनम पांडेयी' का वितरण द्वीप के केवल कुछ ही सीमित क्षेत्रों में है। अंडमान से खोजी गई जंगली बैंगन की इस नई प्रजाति का नाम दिल्ली विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री प्रो. अरुण कुमार पांडे के सम्मान में 'सोलेनम पांडेयी' रखा गया है। डॉ. लाल जी सिंह के अनुसार, इस प्रजाति में बैंगन की फसल में होने वाली बीमारियों के खिलाफ लड़ने की जबरदस्त प्रतिरोधक क्षमता है।

<><><><><><><>

रंगत मानसून मैराथन चार जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में स्कूली छात्र, खिलाड़ी और आम जनता हिस्सा ले सकते हैं। इसमें पुरूषों के लिए 10 किमी और महिलाओं के लिए 5 किमी दौड़ शामिल है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार और तृतीय पुरस्कार के रूप में पांच हजार रूपये के साथ पदक प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों से सुबह 5 बजकर 20 मिनट तक निंबुतला चौक पर रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से आज से 24 जुलाई तक महीने भर चलने वाली थियेटर कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन आज दोपहर साढ़े तीन बजे  अंडमान क्लब में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के कार्यशाला निदेशक सुरेंद्र शर्मा और सहायक निदेशक अविनाश बी. राव देशपांडे के मार्गदर्शन में अभिनय की कक्षाएं शुरू होंगी।

इच्छुक प्रतिभागी जिन्होंने इस कार्यशाला के लिए अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे मौके पर ही अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते 30 जून को श्री विजय पुरम से ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे जाने वाले जहाज एम वी नालंदा की यात्रा को रद्द किया गया है। एमवी नालंदा के स्थान पर अब एमवी कैंपबेल बे 29 जून को रात नौ बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। कैंपबेल बे से इसकी वापसी यात्रा पहली जुलाई, सुबह 10 बजे ननकौड़ी होते हुए श्री विजय पुरम के लिए होगी। जिन यात्रियों ने इस यात्रा के लिए टिकटे खरीदी थी, उनसे अपने मौजूदा टिकट रद्द कर एमवी कैंपबेल बे के लिए नए टिकट खरीदने को कहा गया है। इस यात्रा की टिकटें आज सुबह 9 बजे से जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से जहाज एमवी कैंपबेल बे की पहली जुलाई को सुबह 10 बजे की श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम की निर्धारित यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। अब यह जहाज 3 जुलाई को शाम 4 बजे हैडो जेट्टी से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। यात्रियों को उसी पुराने टिकट पर जहाज की यात्रा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 के लिए स्कूल शिक्षकों से स्व–नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार शिक्षकों की प्रतिष्ठा बढ़ाने और प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत उत्कृष्ट शिक्षकों की सराहनीय सेवाओं को सार्वजनिक पहचान देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, स्थानीय निकायों द्वारा संचालित, राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, केंद्र सरकार के स्कूलों, रक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित स्कूलों, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों और सीबीएसई या सीआईएससीई से संबद्ध स्कूलों में कार्यरत सभी स्कूल शिक्षक और स्कूल प्रमुख इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। सामान्यतः सेवानिवृत्त शिक्षक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। हालांकि, जिन्होंने इस कैलेंडर वर्ष में 30 अप्रैल तक अपनी सेवा प्रदान की है, वे पात्र हो सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से श्री विजयपुरम में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में, कल 'ओलंपिक डे रन' का आयोजन किया गया। इस दौड़ को सेल्यूलर जेल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो फ्लैग प्वाइंट पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसमें चार सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने द्वीपसमूह यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात की कर द्वीपसमूह में पर्यटन के विकास और प्रचार–प्रसार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय मंत्री को द्वीपसमूह में पर्यटन की अपार संभावनाओं से अवगत कराया। केन्द्रीय मंत्री ने उठाए गए मुद्दों पर उचित विचार करने का आश्वासन दिया।

**<><><><><><><>**